महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


पत्र सं. 4-03/2026/परीक्षा/2106 दिनांक/Date :- 10.08.2026

# अधिसूचना / Notification- 2106

विषय :- शैक्षणिक सत्र 2026–27 की त्रैमासिक परीक्षा के आयोजन संबंधी दिशा - निर्देश।
**Subject :- Guidelines regarding the conduction of Quarterly Examination for the Academic Session 2026–27.**

संदर्भ :- अधिसूचना क्र. 2049 दिनांक 25.06.2026
**Reference :- Notification No. 2049 dated 25.06.2026**

समस्त सबंधितों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की त्रैमासिक परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जाएंगी :-

(i) सस्वर वेद मौखिक परीक्षा 12 अगस्त 2026 से 18 अगस्त 2026 तक; एवं

(ii) सहगामी आधुनिक विषयों की लिखित परीक्षा 18 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक।

All concerned are hereby informed that the Quarterly Examination for the Academic Session 2026-27 will be conducted as follows :

(i) Oral Examination in Saswara Veda from August 12, 2026, to August 18, 2026; and

(ii) Written Examination of Allied Modern Subjects from August 18, 2026, to August 22, 2026.

2. समस्त अनुदानित वेद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026–27 की त्रैमासिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। पुनः उल्लेख किया जाता है कि त्रैमासिक परीक्षा में वेदों एवं सहगामी आधुनिक विषयों से संबंधित प्रश्न निर्धारित पाठ्यक्रम, जो की अधिसूचना क्र. 2049 दि. 25.06.2026 मे दर्शाया गया है, भाग से पूछे जाएँगे।

It is mandatory for all the financially aided Veda students to appear in the Quarterly Examination of the Academic Session 2026-27.Further, it is once again reiterated that questions in the Quarterly Examination, pertaining to the Vedas and the Allied Modern Subjects, will be based on the prescribed syllabus mentioned in Notification No. 2049 dated 25.06.2026.

3. सभी संबंधित अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के अध्यापकों को सूचित किया जाता है कि त्रैमासिक परीक्षा केवल प्रतिष्ठान से अनुदानित 'वेदभूषण द्वितीय वर्ष (कक्षा – 7वीं) ' से 'वेदविभूषण द्वितीय वर्ष (कक्षा – 12वीं)' के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। वेदभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा – 6ठी) के विद्यार्थियों को त्रैमासिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

The teachers of all financially aided Veda Pathashalas and Guru-Shishya Parampara Units are informed that Quarterly Examination will be conducted solely for 'Veda Bhushan 2nd Year (Class-7th)' to 'Veda Vibhushan 2nd Year (Class-12th)' students who are financailly aided by the Pratishthan. The students of Veda Bhushan First Year will NOT be included in Quarterly Examination.

4. वेद परीक्षा हेतु अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गु.शि.प इकाइयों को महत्त्वपूर्ण निर्देश-

(i) सस्वर वेद मौखिक परीक्षा 12 अगस्त से 18 अगस्त तक आयोजित कराई जाएगी।

(ii) प्रतिष्ठान द्वारा ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से सस्वर वेद मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। वीडियोकॉल की सूचना वेद परीक्षक द्वारा यथासमय दी जाएगी।

(iii) सस्वर वेद परीक्षा की विद्यार्थी हस्ताक्षर सूची (प्रपत्र-1 में संलग्न) को विधिवत भरवाया जायेगा।




वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in

(iv) वेद परीक्षा हेतु अधिसूचित समय पर अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गु.शि.प इकाइयों में नोडल व्यक्ति विद्यार्थियों को वेद परीक्षक पैनल के साथ जोड़ना सुनिश्चित करेगा।

Important instructions for finacially aided Veda Pathashalas and Guru-Shishya Parampara (GSP) Units regarding the Veda Examination:

(i)The Saswara Veda Oral Examination will be conducted from August 12 to August 18.

(ii)The Saswara Veda Oral Examination will be conducted by the Pratishthan through online video call. Information about video call will be given by Veda Examiner in due course.

(iii) The Student Signature Sheet for the Saswara Veda Examination (enclosed as Proforma-3) must be duly filled.

(iv) The Nodal Person in the financially aided Veda Pathshalas and GSP Units will ensure to connect the students with the Veda Examiner Panel at the notified time for the Veda Examination.

सहगामी आधुनिक विषयों की लिखित परीक्षा/ Written Examination of Allied Modern Subjects

5. लिखित परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र सह उत्तरपुस्तिका इस लिंक (http://msrvvp.ac.in/) के माध्यम से संबंधित विषय की लिखित परीक्षा के दिन प्रातः 11:00 बजे उपलब्ध कराया जाएगा। वेद पाठशाला अथवा गु.शि.प इकाई में त्रैमासिक परीक्षा कराने का संपूर्ण दायित्व नोडल व्यक्ति का होगा।

For the Written Examination, the question paper cum answer booklet will be made available through this link (http://msrvvp.ac.in/) at 11:00 AM on the day of Written Examination of the subject concerned. The entire responsibility for conducting Quarterly Examination in the Veda Pathshala or GSP Unit wiil be that of the nodal person.

6. नोडल व्यक्ति ही उक्त लिंक के माध्यम से त्रैमासिक समय-सारणी के अनुसार, संबंधित विषय का प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपुस्तिका डाउनलोड(परीक्षा दिवस के दिन) एवं प्रिन्ट कर लिफाफे में सुरक्षित रखेगा। प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपुस्तिकाओं को अनधिकृत व्यक्ति से बचाने एवं गोपनीयता बनाए रखने का संपूर्ण दायित्व नोडल व्यक्ति पर होगा। अनियमितता अथवा गोपनीयता भंग होने की स्थिति में नोडल व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायगी। साथ ही, नोडल व्यक्ति यह भी सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपुस्तिका समय-सारणी के अनुसार परीक्षा प्रारम्भ होने से 10 मिनट पूर्व ही वितरित की जाए तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति को प्रपत्र–1 में अवश्य प्राप्त कर सुरक्षित रखा जाए, जिन्हें प्रतिष्ठान द्वारा माँगे जाने पर तुरंत उपलब्ध कराना होगा।

On the day of the Examination, the nodal person will download (from the given link) the question paper cum answer booklet for the relevant subject according to the Quarterly Examination timetable, print them, and keep them securely in envelopes. The entire responsibility for safeguarding the question paper cum answer booklets from unauthorized access and maintaining their confidentiality lies with the nodal person. In case of any irregularity or breach of confidentiality, action will be taken against the nodal person as per the rules. Further, the nodal person must also ensure that the question paper cum answer booklet is distributed to the students 10 minutes before the start of the examination as per the timetable, and that the attendance of the students is recorded in Proforma–1 and securely kept, to be made available immediately upon request by the Pratishthan.

7. परीक्षा केन्द्र पर नोडल व्यक्ति यह अवश्य सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थी एवं अनधिकृत व्यक्ति प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका को परीक्षा कक्ष से बाहर न ले जाने पाए। प्रत्येक विषय की परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत, अध्ययन वर्षानुसार प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपुस्तिकाओं को क्रमवार व्यवस्थित कर लिफाफों में रखा जाए। लिफाफों को नोडल व्यक्ति मुहरबंद एवं हस्ताक्षरित कर सुरक्षित रूप से अपनी अभिरक्षा में रखें। विद्यार्थियों के प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपुस्तिकाओं को अनधिकृत व्यक्तिओं की पहुँच से सुरक्षित रखा जाए।

The nodal person at the examination center must ensure that students and unauthorized persons are not allowed to take the question paper cum answer booklet out of the examination hall during the examination.After the completion of the examination for each subject, the question paper cum answer booklets should be organized subject-wise according to the year of study and placed in envelopes. The envelopes must be sealed and signed by the nodal person and safely kept under their

परीक्षा
Examination

custody. The question paper cum answer booklets of the students should be kept safe from the reach of unauthorized persons.

8. प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन हेतु निर्देश पृथक से अधिसूचित किए जाएंगे।

Instructions regarding the evaluation of question paper cum answer booklet will be issued separately.

9. सहगामी आधुनिक विषयों की परीक्षा में प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर परीक्षा की निगरानी करेंगे।

In the Examination of Allied Modern Subjects, representatives from the Pratishthan will join online to oversee the exam.

10. नोडल व्यक्ति यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अनुचित साधन को न अपनाए या परीक्षा संबंधी किसी भी अनुचित गतिविधियों में संलिप्त न हो, अन्यथा पाठशाला/गु. शि.प. इकाई को अनुदान रोकने सहित सख्त कार्रवाई इस संबंध में शासी नियमों के अनुसार की जाएगी। साथ ही यह भी ध्यान दिया जाए कि परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के भीतर (i) पढ़ने की सामग्री जैसे पेपर चिट, किताबें, पत्रिकाएं, समाचार पत्र आदि, (ii) मोबाइल फोन, (iii) इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे हेड/ ईयर फोन, ब्लूटूथ और कैलकुलेटर (जब तक निर्दिष्ट न हो) आदि प्रतिबंधित हैं। यह एक विस्तृत सूची नहीं है, और म.सा.रा.वे.वि.प्र., उज्जैन अन्य वस्तुओं जिसे धोखाधड़ी या कदाचार में उपयोग किया जा सकता है उसे परीक्षा स्थल पर ले जाने से रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी अभ्यर्थी के कब्जे में कोई उपर्युक्त वस्तु पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध समुचित कानूनी /आपराधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है।

The nodal person must ensure that no candidate uses any unfair means or engages in any irregular activities related to the examination. Otherwise, strict action will be taken against the Pathshala/GSP Unit, including suspension of grants, in accordance with the governing rules. Additionally, it should be ensured that within 100 meters of the Examination Center : (i) Study materials such as paper notes, books, magazines, newspapers, etc. (ii) Mobile phones (iii) Electronic devices such as headphones/earphones, Bluetooth devices, calculators (unless explicitly allowed) etc are prohibited. This is not an exhaustive list, and the M.S.R.V.V.P., Ujjain reserves the right to prohibit any other items that could be used for fraud or misconduct at the Examination Center. If any of the above items are found in possession of a candidate, appropriate legal/criminal action may be initiated against them.

11. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

This issues with the approval of the Competent Authority.

(आकाश कुमार देवेश मिश्रा)
सहायक निदेशक (परीक्षा)
आकाश कुमार मिश्रा/AKASH KUMAR MISHRA
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

प्रतिलिपि/Copy to :

1.सहायक निदेशक (शै.) एवं लेखाधिकारी को सूचनार्थ।/For information of Assistant Director (Acd.) and Accounts Officer.

2. प्रतिष्ठान से संबद्ध समस्त वेद पाठशालाओं/गुरु शिष्य परम्परा इकाइयों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
For information and compliance of all the Veda Pathshalas/ Guru Shishya Parampara Units affiliated to the Pratishthan.

3. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।/For publication on the website of Pratishthan.

4. रक्षित पत्रावली / Guard File.

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
परीक्षा
Examination
(An Autonomous Organisation of Ministry of Education)
(शिक्षा मंत्रालय का स्वायत्तशासी संस्थान)